खुशी है कि सरकार ने ऐसी योजना निकाली जिससे मोहल्ले में ही चिकित्सा सुविधा मिल रही है , नि:शुल्क इलाज एवं दवाइयां मिल रही है , पैसे के साथ ही समय का बचत हो रही है

मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लग रहे स्वास्थ्य शिविर में आए हुए व्यक्तियों/मरीजों ने अपने अनुभवों को किया साझा

भिलाईनगर/ बहुत ज्यादा खुशी हो रही है कि सरकार ने ऐसी योजना निकाली कि मेरे घर के सामने मोबाइल मेडिकल यूनिट आया हुआ है! हॉस्पिटल में जाकर लाइन लगाने की आवश्यकता नहीं है! इतनी अच्छी सुविधा है कि हम स्वास्थ्य शिविर में जा रहे हैं और तुरंत टेस्ट हो रहा है! मुझे कोई बीमारी नहीं है परंतु किस प्रकार की योजना संचालित हो रही है इसके लिए आई थी! शिविर में मैंने बीपी और शुगर की जांच कराई है! यहां की सुविधाएं बहुत अच्छी है मैं धन्यवाद करती हूं सरकार का उन्होंने इतनी अच्छी योजना लाई!

सुमन राठौर

सूचना मिली कि मोहल्ले में ही डॉक्टर आएंगे और फ्री में स्वास्थ्य परीक्षण होगा! मुझे बुखार एवं बीपी की समस्या थी! बुखार के लिए फ्री में दवाइयां मिली हुई है तथा बीपी भी नॉर्मल है! समय रहते बीपी का पता चल गया! अस्पताल जाने में लगने वाले समय की बचत हो रही है!

सलमा हुसैन

मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर लगने से वार्ड में ही चिकित्सा सुविधा मिल रही है! स्वास्थ्य सुविधाएं यहां की बहुत अच्छी है! घर के बिल्कुल नजदीक शिविर लग रही है ऐसी सुविधा घर के पास ही मिलने से सरकार को मैं बहुत धन्यवाद देती हूं!

राजेश्वरी वर्मा

मितानिन के जरिए पता चला कि मोहल्ले में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है! मैंने स्वास्थ्य शिविर में इलाज कराया! निशुल्क इलाज होने से और दवाई मुफ्त मिलने से पैसे के साथ ही समय की भी बचत हो रही है! अस्पतालों में लगने वाली लंबी लाइन से राहत मिल रही है!